# 82308 - दाँतों में फिलिंग कराने और दवा लगाने से रोज़े पर कोई असर नहीं पड़ता

## प्रश्न

मैं अपने दाँतों पर ब्रेस लगवाता हूँ और मुझे हर तीन हफ्ते में डॉक्टर के पास जाना पड़ता है और वह मेरे दाँतों का रखरखाव करता है और वह मेरे मुँह में कुछ चीजें और पदार्थ डालता है। क्या इससे रोज़ा बातिल (अमान्य) हो जाता है?

## विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

इससे रोज़ा अमान्य नहीं होगा, जब तक कि आप जानबूझकर इनमें से कोई भी पदार्थ निगल न लें। यदि इसे रात में करना संभव है, तो यह रोज़ा के लिए एहतियात के तौर पर बेहतर है।

शैख इब्ने बाज़ रहिमहुल्लाह (15/285) से पूछा गया : यदि किसी व्यक्ति के दाँत में दर्द हो और वह डॉक्टर के पास जाए, और वह उसके दाँत की सफाई या भराई करे या उसका कोई दाँत उखाड़ दे, तो क्या ऐसा करना उसके रोज़े को प्रभावित कर देगा ? यदि डॉक्टर उसके दाँत को सुन्न करने के लिए इंजेक्शन देता है, तो क्या इससे उसके रोज़े पर कोई असर पड़ेगा ?

उन्होंने जवाब दिया :

प्रश्न में जो कुछ उल्लेख किया गया है, उसका रोज़े की प्रामाणिकता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है, बल्कि उसे माफ कर दिया जाता है। लेकिन उसे दवा या खून में से कुछ भी निगलने से सावधान रहना चाहिए। इसी तरह उल्लिखित इंजेक्शन का रोज़े की वैधता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। क्योंकि यह खाने-पीने के समान अर्थ में नहीं है, और मूल सिद्धांत रोज़े का सही और सुरक्षित होना है।" उद्धरण समाप्त हुआ।